स्वामी विवेकानन्द जयन्ती पर अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता

भारत विकास परिषद की शाखाओं द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन


संपर्क | सहयोग | संस्कार | सेवा | समर्पण

स्वस्थ-समर्थ-संस्कारित भारत ◆ Swasth-Samarth-Sanskarit Bharat

# नीति Niti

भारत विकास परिषद — तमसो मा ज्योतिर्गमय — स्था. 1963

चैत्र-बैशाख 2078 | April 2021

अंक 4 | पृष्ठ 32 | Rs. 10




श्रीरामनवमी पर विशेष



# 'हिन्दू नव संवत्सर'

नव वर्ष के प्रथम दिन हम इस संसार के रचयिता व पालक ईश्वर का ध्यान करें और उसके उपकारों को स्मरण कर अपने जीवन तथा सभी शुभ कार्यों का समर्पण करें।

डॉ. साहब के लेखन से चयनित लेख

# हमारा एकमात्र उद्देश्य-विकास



भारत विकास परिषद् की समस्त गतिविधियों का एकमात्र उद्देश्य देश के विकास की गति में तेजी लाना है। अन्य समस्त उद्देश्य गौण हैं एवं हमें अपनी समस्त ऊर्जा का उपयोग इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए करना चाहिए। हमें देश के पिछड़ेपन के कारणों का विश्लेषण करना चाहिए तथा अपनी आर्थिक क्षमता एवं मानवशक्ति के अनुसार उनका निराकरण करना चाहिए। इस बात का सदैव ध्यान रखना चाहिए कि हमारे साधन सीमित हैं एवं उनको ऐसे कार्यक्रमों पर व्यर्थ नहीं किया जाना चाहिए जिनका विकास से संबंध नहीं हैं।

मुझ से अनेक बार यह कहा गया है कि मैं समय-समय पर दिशानिर्देश जारी करूँ एवं ऐसे कार्यक्रमों का सुझाव दूँ जिनसे पालन करने से हमारे इस उद्देश्य की पूर्ति हो सके। मेरे विचार में वृक्षारोपण एक ऐसा कार्यक्रम है जो देश के विकास में बहुमूल्य योगदान कर सकता है। वृक्ष हमारे पर्यावरण का संतुलन बनाये रखते हैं, भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाते हैं एवं समय पर वर्षा होने में योगदान करते हैं। सबसे अधिक इनसे हमें लकड़ी तथा ऊर्जा प्राप्त होती है जो हमारी अर्थव्यवस्था की प्रगति में सहायक है। स्वतंत्रता दिवस के आस-पास वृक्षारोपण का कार्यक्रम बड़े पैमाने पर क्रियान्वित किया जा सकता है।

इसी प्रकार कुछ अन्य कार्यक्रम जो भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रदूषण नियंत्रण इत्यादि से संबंधित हैं, को हाथ में लिया जा सकता है। इनका देश के विकास से सीधा संबंध है। स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि भूखे पेट व्यक्ति से ईश्वर की बात करना व्यर्थ है। अतः ऐसे व्यक्ति से जो जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहा हो, उससे आदर्शों एवं मूल्यों की बात करने का क्या लाभ।

अतः अब समय आ गया है भारत विकास परिषद् अपने नाम को सार्थ करे एवं देश के विकास की राह पर चले।

57 Years
In the Service of Mankind

BHARAT VIKAS PARISHAD

April 2021 | No. 4 | Vol. XXXXXIVVXVXVXVXIII
सृष्टि संवत् : 1, 96, 08, 53, 122, शकसंवत् 1943
चैत्र-बैशाख 2077-78, दयानन्दाब्द 198 कलि संवत् 5124

नीति | Niti

Mouth piece of Bharat Vikas Parishad with a circulation of 59650

National President
**GAJENDRA SINGH SANDHU**
Raipur | +91-9412136841

National Vice President (HQ)
**MAHESH BABU GUPTA**
Noida | +91-9811226601

National General Secretary
**SHYAM SHARMA**
Kota | +91-9829038190

National Finance Secretary
**SAMPAT KHURDIA**
Mumbai | +91-9821139149

National Organising Secretary
**SURESH JAIN**
Delhi | +91-9974399944

National Chairman Prakashan
**DR SURESH CHANDRA GUPTA**
Farrukhabad | +91-9415334709

National Secretary Prakashan Editor Niti
**MANOJ AVASTHI**
Ghaziabad | +91-9953495747, 9891153495


नीति समाचार भेजने के लिए केवल- niti@bvpindia.com का प्रयोग करें।

Niti e-paper : This issue is also available on Parishad's website **www.bvpindia.com**

Published & Printed by Ajay Dutta for BHARAT VIKAS PARISHAD, Bharat Vikas Bhawan, Plot No. MS-14 AD/BD Block, (Adjoining BD-87), Pitampura, Delhi-110034 Editor : Dr. S.C.Gupta Printed at: DEEYA MEDIA ART, D-41/A, Laxmi Nagar, Opposite Metro Pillar No.33, Vikas Marg, Laxminagar, Delhi-110092, Ph.: 9312550335

"मुस्कान और मदद ये दो ऐसे इत्र हैं जिन्हें जितना अधिक आप दूसरों पर छिड़केंगे उतने ही सुगंधित आप स्वयं होंगे।"

# IN THIS ISSUE



04 सम्पादकीय
05 श्रीरामनवमी पर विशेष
07 स्वामी विवेकानन्द जयन्ती पर अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता
09 'हिन्दू नव संवत्सर'
12 कैंसर अब कोई लाइलाज बीमारी नहीं
17 भारत विकास परिषद की शाखाओं द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन
20 मानव सेवा के लिए कल्याणकारी कार्य



## अप्रैल मास के पर्व


02 : गुड फ्राइडे
04 : ईस्टर सण्डे
13 : वैशाखी, नवरात्र प्रारंभ, नव संवत्सर, गुड़ी पड़वा, जालियां वाला बाग हत्याकांड
14 : डॉ. अम्बेडकर जयन्ती
15 : वैसाखडी (बंगाल), बहाग बिहु (असम)
21 : राम नवमी
25 : महावीर जयन्ती
27 : हनुमान जयन्ती

Central & Regd. Office:
**BHARAT VIKAS BHAWAN**
Behind BD Block DDA Market, Power House Road, Pitampura, Delhi -110034
Ph: 011- 27313051, 27316049, 27314515
e-mail : bvp@bvpindia.com
niti@bvpindia.com
website : www.bvpindia.com

Price : Rs. 10.00 Per Copy
Annual Subscription : Rs. 100.00

Please forward news at niti@bvpindia.com

# 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई'



**आज के वैश्विक युग में किसी व्यक्ति को विद्यादान मार्गदर्शन व आर्थिक सहायता से स्वरोजगार हेतु सफल बनाना भी इसी श्रेणी में आता है। परिषद की अनेक शाखाओं द्वारा स्वास्थ्य शिविर में रक्तदान शिविरों का आयोजन कर सामाजिक जीवन में अनूठा दान किया जा रहा है।**

पुराणों में दान की महत्ता परिभाषित है। दान हमारे जीवन का अभिन्न दायित्व है। दान के लिए सुपात्र का चयन भी आवश्यक है। दांन से संबंधित छलों का वर्णन भी शास्त्रें में वर्णित है। मायावी इंद्र ने दानवीर कर्ण से कुंडल व कवच दान में मांग देवताओं की सहायता की थी। रावण का दान स्वरूप छल ही सीता हरण का कारक बना। भस्मासुर का कृत्य से परेशान भोले नाथ को विष्णु जी से सहायता लेनी पड़ी। छल कितने भी हो किंतु दान की महत्ता को कम नहीं करते। अपनी शक्ति, क्षमता, सामर्थ्य अनुसार सामाजिक हित में धन, संसाधन, विद्या, श्रम व मार्गदर्शन दान करना सर्वोत्तम है। 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई' रामचरितमानस में तुलसीदास जी ने बहुत सुंदर वर्णन किया है। प्रत्येक दान में सामर्थ्य का विशेष स्थान है। कभी किसी धनकुबेर द्वारा किए गए थोड़े से दान व धन सहयोग से किसी साधारण व्यक्ति का तन मन धन से किया गया दान श्रेष्ठ है। बहुचर्चित गिलहरी प्रयास में श्रीराम ने स्वयं उस गिलहरी के श्रेष्ठ प्रयास की भूरी प्रशंसा की है। दान एक भाव है सभ्य समाज की जीवन शैली है। पुराने समय में गोदान की बहुत बड़ी महत्ता थी। गोदान एक परिवार को स्वरोजगार देना माना जाता था। एक गाय पालकर एक परिवार धन उपार्जन कर सकता है। आज के वैश्विक युग में किसी व्यक्ति को विद्यादान मार्गदर्शन व आर्थिक सहायता से स्वरोजगार हेतु सफल बनाना भी इसी श्रेणी में आता है। परिषद की अनेक शाखाओं द्वारा स्वास्थ्य शिविर में रक्तदान शिविरों का आयोजन कर सामाजिक जीवन में अनूठा दान किया जा रहा है। अनेक ब्लड बैंकों द्वारा कोरोना काल में रक्त की विशेष कमी महसूस की गई। भारत विकास परिषद की इकाइयां इस कमी को पूरा करने के लिए अपने रक्तदान द्वारा लगातार दान करा रही हैं। मानव सेवा में किया गया रक्तदान सर्वोच्च समर्पण है। परिषद के सभी दानी रक्तवीर बधाई के पात्र हैं।

*आप सभी को विक्रम संवत 2078 व रामनवमी की अनंत शुभकामनाएं!*

**मनोज अवस्थी**
(संपादक)



# भए प्रगट कृपाला, दीनदयाला

**कौसल्या हितकारी।
हरषित महतारी, मुनि मन हारी,
अद्भुत रूप बिचारी॥**



भगवान विष्णु की नाभि के कमल से ब्रह्मा जी का आविर्भाव हुआ। ब्रह्मा जी के मरीचि और मरीचि के उत्पन हुए कश्यप। कश्यप के उत्पन्न हुए सूर्य और सूर्य के उत्पन्न हुए वैवस्तव मनु और मनु के इक्ष्वाकु का जन्म हुआ, इक्ष्वाकु के कुकुत्स्थ नाम के राजा हुए और कुकुत्स्थ के हुए रघु तथा रघु के हुए अज और अज के पुत्र हुए दशरथ। राजा दशरथ

की तीन रानियाँ थी, कौशल्या,कैकई और सुमित्रा।

शास्त्रों के अनुसार चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमीं को पुनर्वसु नक्षत्र में महर्षि ऋष्यश्रृंग की कृपा से राजा दशरथ के रावण सहित अन्य राक्षसों जो बधा करने के लिए साक्षात विष्णु प्रकट हुए। बड़ी रानी कौशल्या से रामचन्द्र जी का जन्म हुआ तथा कैकई से भरत तथा सुमित्रा से लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इसी लिए हिन्दू पंचाग के अनुसार चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमीं तिथि को केवल भारत में ही नहीं अपितु अन्य देशों में भी राम जन्मोत्सव के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस लिये इस दिन को ''रामनवमी'' कहा जाता है।एक रिपोर्ट ''यूनिक एग्जीबिशन ऑन कल्चरल कंटीन्यूटी फ्रॅम ऋग्वेद टू रोबॉटिक्स'' नामक रिपोर्ट के अनुसार ''भगवान राम का जन्म 10 जनवरी 5114 ईसापूर्व सुबह बारह बजकर पांच मिनट'' पर हुआ था।



धरती पर असुरों का संहार करने के लिए भगवान विष्णु ने त्रेता युग में साक्षात श्री राम के रूप में मानव अवतार लिया था। भगवान श्री राम ने अपने जीवनकाल में अनेकानेक कष्टों को सहन करते हुए मर्यादित जीवन का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया, उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने आदर्शों का त्याग नहीं किया और मर्यादा में रहते हुए जीवन व्यतीत कर उत्तम पुरुष का स्थान प्राप्त किया इसी लिए श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है।

रामनवमी के दिन विशेष रूप से भगवान राम की पूजा अर्चना कर अन्य प्रकार के भिन्न-भिन्न आयोजन भी मनाए जाते हैं। हिन्दू संस्कृति के लोग इस दिन व्रत, पूजापाठ, उपवास रखकर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन करते हैं तथा घरों में पवित्र कलश की भी स्थापना करते हैं।

शास्त्रों के अनुसार राजा दशरथ की रानी कैकई द्वारा राजा से वरदान मांगने पर श्रीराम अपने पिता के वचन की मर्यादा को रखते हुए प्रसन्नता से चौदह वर्ष के लिए वन को चल दिये तो उनके साथ माता सीता व लघु भ्राता लक्ष्मण भी साथ वन को चले गए।

भगवान विष्णु जी के दस अवतार माने गए हैं (1. मत्स्य 2. कूर्म 3. वराह 4. नरसिंह 5. वामन 6. परशुराम 7. राम 8. कृष्ण 9. बुद्ध 10. कल्कि) भविष्यवाणी के आधाार पर) जिनमें श्री राम जी को सातवें नंबर का अवतार माना जाता है।

हमारे शास्त्रों के अनुसार यह भी कहा जाता है कि जिस प्रकार भगवान विष्णु जी श्रीराम के अवतार रूप में पृथ्वी पर आए और उन्होंने धरती को पाप और असुरों से विहीन कर दिया था उसी प्रकार रामनवमी का व्रत रखने से मानव के जीवन का सभी प्रकार का कष्ट और पाप दूर हो जाता है।

**देवेन्द्र देव मिर्ज़ापुरी**



## स्वामी विवेकानन्द जयन्ती पर

# अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता

भारत विकास परिषद् द्वारा विवेकानन्द जयंती के अवसर पर "भारत के सर्वांगीण विकास में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों की भूमिका एवं उनकी महत्ता" विषय पर एक भव्य अखिल-भारतीय निबंध प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। इस प्रतियोगिता में पूरे देश से लगभग 1600 निबंध प्राप्त हुए थे, जिनमें कक्षा 6 से 9 के वर्ग में सर्वाधिक सहभागिता प्राप्त हुई। कनिष्ठ वर्ग (6-9) में बिहार की छात्रा अलिफा करीम ने प्रथम स्थान, त्रिपुरा की छात्रा कनिका देबनाथ ने द्वितीय एवं उत्तर प्रदेश के अक्षत शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग (10-12) में क्रमशः मेहुल अग्रवाल-ग्वालियर, भाविप-लुधियाना और निकिता दीक्षित-लखनऊ ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में बारहवीं कक्षा से ऊपर और वरिष्ठ वर्ग

में रेनू चौधरी-जबलपुर, स्मृति गोयल-गाजियाबाद, प्रेक्षा मेहता-भिलवाड़ा ने क्रमश: स्थान प्राप्त किये।

उत्तर प्रदेश राज्य से सर्वाधिक निबंध प्राप्त हुए। उसके बाद पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान व गुजरात से भी अच्छी सहभागिता प्राप्त हुई। त्रिपुरा जैसे दूरस्थ और छोटे राज्य से भी काफी अच्छी सहभागिता मिली और दक्षिण भारत में तमिलनाडु ने अच्छी सहभागिता प्रदान की। उल्लेखनीय है कि बारहवीं कक्षा से उपर के वर्ग में सभी पांच स्थान मातृ शक्ति ने प्राप्त किए हैं।

सभी दायित्वधारियों ने मिलकर इस ऐतिहासिक निबंध प्रतियोगिता को अत्यधिक सफल बनाया। कार्यक्रम का संयोजन निर्मल जोशी (राष्ट्रीय प्रोजेक्ट वाईस-चेयरमैन) ने किया। सह-संयोजक डॉ. तेजस पुजारा व श्री दीपक रुइया (राष्ट्रीय प्रोजेक्ट सचिव) एवं उनकी तकनीकी टीम के श्री ऋत्विक द्वारा आयोजन को सफल बनाने में अतुलनीय योगदान प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन, राष्ट्रीय वित्त मंत्री संपत खुरदिया, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश



राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा जी द्वारा विवेकानंद जी के विशेष विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया और पुरस्कारों की घोषणा की गई। संस्कार प्रकल्प के चेयरमैन चंद्रसेन जैन के नेतृत्व में चन्द्र गुप्ता, एस. के. वधवा सहित विभिन्न राष्ट्रीय प्रोजेक्ट के चेयरमैन, वाईस-चेयरमैन के साथ साथ विभिन्न राष्ट्रीय, रीजनल, प्रांतीय व शाखा स्तर के वरिष्ठ दायित्वधारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। ■

## शुभ संवत्सर

*कर जोड़ करें अभिनन्दन सब जन<br>संवत्सर 2078 का हो शुभ<br>आगमन।*

*ब्रह्मांड की रचना हुई इस दिन<br>पौराणिक तथ्य मानें हम<br>सब जानें।*

*शुभ दिवस यह माना जाता है,<br>प्रभु राम का तिलक हुआ<br>इस दिन।*

*युधिष्ठिर बैठे सिंहासन पर सुख<br>शान्ति का द्योतक यह शुभ दिन।*

*विक्रमादित्य सिंहासन आरूढ़<br>हुए इस दिन तभी विक्रमी संवत<br>यह कहलाता है।*

*इतिहास भी इस का साक्षी है शुभ<br>दिन यह माना जाता है।*

*हम करें प्रार्थना सब मिलक कर,<br>धन धान्य परिपूर्ण हों सभी जन<br>गण।*

*सच्चरित्र बनें, सौहार्द<br>बढ़े खिन्नता वैमनस्य सब मिट<br>जाएँ।*

*धरा का हनन न करें कोई,<br>प्राकृतिक आपदाओं से बचे रहें।*

*विकास हो सेवा संस्कृति का,<br>आपस में सब जुड़े रहें।*

*सामंजस्य का साम्राज्य हो, सब<br>सजग रहें, सब सुखद रहें।*

*अंधविश्वासों से मुक्त रहें,<br>स्पर्धा विद्वेष सब मिट जाएं।*

*रोगों से मुक्ति मिले सब को,सुखी<br>रहें, सब शान्त रहें।*

*करें अभिलाषा सुख शान्ति की,<br>विश्व शान्ति का परचम<br>लहराए।*

*अभिनन्दन है नव संवत्सर, सुख<br>शान्ति सभी जन पा जाएँ।*

*-विश्व मोहनी,*<br>*पंचकूला (हरियाणा)*



# 'हिन्दू नव संवत्सर'

**नव वर्ष के प्रथम दिन हम इस संसार के रचयिता व पालक ईश्वर का ध्यान करें और उसके उपकारों को स्मरण कर अपने जीवन तथा सभी शुभ कार्यों का समर्पण करें। इससे हमारा मन व आत्मा बलवान होते हैं तथा हम ईश्वर के उपकारों को स्मरण कर धन्यवाद कर उसके प्रति कृतज्ञ होते हैं**

लेखक नाम

हिन्दू नव वर्ष का आरंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। वर्ष 2021 में नये विक्रमी संवत्सर वर्ष का आरम्भ 13 अप्रैल, 2021 से हो रहा है। इस दिन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि तथा संवत् 2078 होगा। इसी दिन सृष्टि संवत् 1,96,08,53,122 आरम्भ होगा। किसी भी पर्व को मनाने में हमारे मन में प्रसन्नता का भाव होना चाहिये और उसको मनाने का तरीका हमारी प्राचीन ज्ञान व तर्कपूर्ण परम्परायें भी होनी चाहियें।

नव वर्ष के प्रथम दिन हम इस संसार के रचयिता व पालक ईश्वर का ध्यान करें और उसके उपकारों को स्मरण कर अपने जीवन तथा सभी शुभ कार्यों का समर्पण करें। इससे हमारा मन व आत्मा बलवान होते हैं तथा हम ईश्वर के उपकारों को स्मरण कर धन्यवाद कर उसके प्रति कृतज्ञ होते हैं। लोग ऐसा न कर केवल घर व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की साज सजावट, अच्छे आकर्षक वस्त्र पहनने, अच्छा भोजन करने व पार्टी आदि करने सहित एक दूसरे को शुभकामनायें देते हैं और खुशी मनाते हैं। हम इस दिन अपने धर्म एवं संस्कृति को गौरव व जीवन्तता देने वाले महापुरुष राम कृष्ण के जीवन चरितों व गुणों का भी स्मरण करें और उनसे ईश्वर भक्ति, देशभक्ति तथा देश के शत्रुओं से देश व समाज को मुक्त कराने की प्रेरणा ग्रहण कर इसका संकल्प लें, तभी हमारा परिवार, समाज, देश, धर्म व संस्कृति सुरक्षित रह सकते हैं और हम व हमारी भावी पीढ़िया सुख व आनन्द से युक्त हो सकते हैं। अत: इस रूप में हमें नये वर्ष का स्वागत करने के साथ इस पर्व को मनाना चाहिये।

ईश्वर ने सब मनुष्यों को अपने जीवन के सभी निर्णय लेने की स्वतन्त्रता दी है। सभी ऐसा करते भी हैं तथापि समाज के अग्रणीय पुरुष व विद्वान लोगों का मार्गदर्शन करने के लिए उन्हें अपनी ओर से कुछ सुझाव भी देते हैं जिससे भ्रमित बन्धुओं का मार्गदर्शन हो जाये। इस दृष्टि से अपने अपने घरों को स्वच्छ कर उसे सजा कर उसमें प्रकाश आदि के लिए तेल के दीये व विद्युत के बल्ब आदि जला कर घर को सुसज्जित किया जा सकता है। अच्छे पकवान बना कर उनका परिवार सहित उपभोग किया जा सकता है। अपने इष्ट मित्रों को घर में बने पकवान व फल वितरित भी किये जा सकते हैं। निर्धनों व भिखारियों को भोजन व फल सहित वस्त्र भी वितरित किये जा सकते हैं। दूरदर्शन पर ऐसे कार्यक्रम होने चाहियें जिसमें महापुरुषों के जीवन की प्रेरक घटनायें प्रस्तुत की जायें। इससे हमारा जीवन सुधरता व उन्नति को प्राप्त होता है। जीवन निर्माण में प्रेरणाओं का महत्व होता है। वह प्रेरणायें महापुरुषों के जीवन व शास्त्रों की वर्तमान में प्रासंगिक शिक्षाप्रद बातों का श्रवण व देखने से आंशिक रूप से पूरी होती हैं।

नववर्ष के प्रथम दिन गायत्री मन्त्र की मधुर धुन व शब्दों को भी आंखे बन्द कर सुना जा सकता है और उसके अर्थ पर विचार करते हुए अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने की परमात्मा से प्रार्थना की जा सकती है। नूतन वर्ष के प्रथम दिन हमें प्रात: 4.00 बजे व उसके कुछ समय बाद जल्दी जाग जाना चाहिये। कुछ देर ईश प्रार्थना व उसका ध्यान कर उससे शारीरिक,

**नववर्ष के प्रथम दिन गायत्री मन्त्र की मधुर धुन व शब्दों को भी आंखे बन्द कर सुना जा सकता है और उसके अर्थ पर विचार करते हुए अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने की परमात्मा से प्रार्थना की जा सकती है। नूतन वर्ष के प्रथम दिन हमें प्रात: 4.00 बजे व उसके कुछ समय बाद जल्दी जाग जाना चाहिये।**





आत्मिक एवं सामाजिक उन्नति की प्रार्थना करनी चाहिये। अपनी रूचि के धार्मिक सद्ग्रन्थों का पाठ भी करना चाहिये। व्यायाम हमारे जीवन का आवश्यक अंग होना चाहिये और इस दिन तो अवश्य ही करना चाहिये जिससे जीवन में व्यायाम करने का संस्कार बने। हो सके तो इस दिन शाकाहारी जीवन व्यतीत करने सहित मांस व मदिरा छोड़ने का सत्संकल्प भी लेना चाहिये। नये वर्ष में हमें ईश्वर के सत्यस्वरूप का पाठ कर उससे आत्मा की उन्नति, दु:खों की निवृत्ति तथा सुख व आनन्द की प्राप्ति की प्रार्थना करनी चाहिये। यही सार्वभौम ईश्वर की स्तुति व पूजा है। सबको राग-द्वेष तथा मत-मतान्तर के आग्रह से ऊपर उठकर इस कार्य को करना चाहिये। हमें अपने सभी मित्रों, परिजनों, कुटुम्बियों तथा साथ में काम करने वाले सभी बन्धुओं को हृदय से



शुभकामनायें देनी चाहिये। नववर्ष के प्रथम दिन को पर्व के रूप में मनाने के लिये अपनी इच्छानुसार इसमें सात्विक परिवर्तन किये जा सकते हैं। यदि हम ऐसा करते हैं तो इससे देश व समाज का हित होगा और हमें भी लाभ होगा।

आंग्ल वर्ष का 1 जनवरी को आरम्भ किसी खगोलीय व ऋतु परिवर्तन जैसी घटना से जुड़ा हुआ नहीं है। इसके विपरीत वैदिक संवत्सर सृष्टि के आरम्भ के प्रथम दिन तथा वेदोत्पत्ति सहित महाराज युधिष्ठिर और महाराज विक्रमादित्य जी के राज्यारोहण के दिन से जुड़े हुए पर्व हैं। 1 जनवरी को देश के अधिकांश भागों में ठण्ड का प्रकोप रहता है जिससे पर्व मनाने में कठिनाई आती है वहीं वैदिक संवत के प्रथम दिन चैत्र मास में ऋतु अत्यन्त सुहावनी होती है।

बसन्त ऋतु में नाना प्रकार के पुष्पों के दर्शन होने सहित वनस्पतियां सर्वत्र नये पत्तों को धारण किये हुए होती हैं। मौसम न अधिक ठण्डा और न अधिक गर्म होता है। भोजन के मुख्य अन्न गेहूं की फसल भी तैयार रहती है। किसान व श्रमिक प्रसन्न रहते हैं। ऐसा समय ही वस्तुत: नववर्ष मनाने के लिए आदर्श समय होता है। हमें चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को नववर्ष मनाकर अपने बुद्धि कौशल का परिचय देना चाहिये। परिषद् परिवार की ओर से सभी पाठकों को नव संवत्सर 2078 की हार्दिक शुभकामनायें। ■



# कैंसर अब कोई लाइलाज बीमारी नहीं



**गायत्री गया, मगध बिहार :** शाखा के आतिथ्य में प्रभात खबर की ओर से चाणक्यपुरी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर पार्क में कैंसर जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. आर. आर वर्मा ने कहा कि अपनी लाइफ स्टाइल में बदलाव लाकर शरीर को कैंसर जैसी घातक बीमारी से अछूता रखा जा सकता है। कैंसर अब कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, सिर्फ समय पर इसका इलाज शुरु हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता के अभाव में यह बीमारी शरीर के एक अंग से अन्य जगहों पर फैल जाती है और इसका इलाज असंभव हो जाता है। डॉ. वर्मा ने कहा कि बढ़ते उम्र के साथ कैंसर का खतरा भी अधिक होता है, बच्चों में इस बीमारी की औसतन कम ही देखा जाता है। हमारे देश में ओरल कैंसर की संख्या अधिक हो गई है, इसका कारण तम्बाकू को माना जाता है। स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉ. रेणु सिंह ने कहा कि महिला व पुरुष दोनों में स्तन कैंसर होता है। स्तनों का कैंसर बहुत धीरे-धीरे बढ़ता है। 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में स्तन कैंसर अधिक होता है। स्तनपान कराने वाली महिलाओं को भी इसका जोखिम अधिक होता है। उन्होंने कहा कि गर्भाशय के कैंसर की पुष्टि होने के बाद ऑपरेशन के माध्यम से तत्काल इसे निकवा देना चाहिए। 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में असामान्य रक्तस्राव है तो डॉक्टरों से जांच करानी चाहिए। इस अवसर पर डॉ. रवीन्द्र कुमार, अमृतेश कुमार, सुन कुमार, प्रो. वशिष्ठ मुनि

मिश्रा, आर.के. सिंह सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## ANEMIA FREE BHARAT

**Manipur :** Prant organised a one day 'Anemia Free Campaign' at Karang Village, Bishnupur District as part of month long Rastriya Mahila Diwas. During the programme hemoglobin screening was done for about 65 housewives. Poster campaign on Anaemia Mukt Bharat was also displayed by H. Joybi Devi, Project Member, Mahila & Bal Vikas and Bimol Thapa, Treasurer the benefit of participating villagers. Black rice packets were distributed to all women. BVP conducted various women oriented programme.

**Dhubri, Assam :** The branch organised a General health check-up with mainly "Diabetes Detection Camp" at the premises of R K Basu bangla Bidyapith Vivekananda Road Dhubri, where total 175 nos patients got the facilities from said camps they were tested of Random Plasma Glucose test, Blood pressure and Body weight along and were distributed with got the reputed branded Medicine. Accordingly following well-known and well established Doctors and Paramedical staffs were extended thier help hand to that camp. Doctors attended were Dr. Soumitra Paul MD, Medicine Specialist, (our member also), Dr. Mehedhi Hassan and most youngest Dr. Anirban Kundu and Paramedical staffs were Sunil Mondal, Nabi Alom Ahmed, Arif Hq, Lab Technician Asiruddin S.K., Boy nurse Atin Maiti and Prasanto Bhadra.

**इन्द्रपुरी, दिल्ली मध्य :** शाखा की ओर से मकर संक्रान्ति के अवसर पर जरूरतमंद लोगों को नए ऊनी स्वेटर, पाजामें व जूराब का वितरण किया गया। इस आयोजन में शाखा दायित्वधारियों सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**घरौंडा, हरियाणा उत्तर :** शाखा द्वारा कंवर नर्सिंग होम पर बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. ओजस्वी राणा द्वारा बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित सलाह दी गई। डॉ. राणा ने कहा कि स्थानीय लोगों के लिए आज से मैं इस नर्सिंग होम में अपनी सेवाएँ दूँगा। शहरवासियों को सभी सुविधाएँ यहीं उपलब्ध होगीं उन्हें और कहीं जाने की आवश्यकता नहीं होगी। शिविर में 100 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य व लड़कियों की हीमोग्लोबिन की जांच की गई। शिविर के आयोजन में प्रकल्प प्रमुख डॉ. जितेन्द्र पाल सिंह व आशीष गुप्ता का सहयोग रहा। इस अवसर पर सचिव अरुणा धीमान, कोषाध्यक्ष संजय सचदेवा, उपाध्यक्ष चांद पहल, राहुल गर्ग, पूर्व अध्यक्ष मुकेश, राजेश गर्ग पूर्व विधायक रेखा राणा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राजकीय उच्च विद्यालय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. रितु मित्तल (सीएचओ) हेल्थ एंड वैलनेस बसताडा ने 9वीं व 10वीं की 100 से अधिक छात्राओं को स्वच्छता की महत्ता एवं इस उम्र में बच्चियों को होने वाली समस्याओं के बारे में बातचीत की। शिविर में अध्यक्ष सचिव व अन्य दायित्वधारियों सहित विद्यालय की अध्यापिकाएँ उपस्थित रहीं।

**सूरज पंचकुला :** शाखा एवं



**भारत विकास परिषद द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस मणिपुर में मनाया गया।**

एस.एस.जैन सभा के संयुक्त तत्वावधान में जैन स्थनक, पीर मूछल्ला में धर्मार्थ होम्योपैथिक क्लीनिक का उद्घाटन राष्ट्रीय वित्त सचिव राकेश सहगल के कर कमलों द्वारा किया गया। राकेश सहगल ने इस पुण्य कार्य के लिए शाखा एवं एस.एस.जैन सभा के पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस क्लीनिक में लोगों को मात्र 10 रुपये में अनुभवी होम्योपैथिक चिकित्सों की सेवाओं का लाभ मिलेगा। क्लीनिक पर डॉ. रीटा चड्ढ़ा सप्ताह के पाँच दिन अपनी सेवाएँ देंगी। मुख्य संरक्षक कमल अवस्थी ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा एलौपैथी के मुकाबले बहुत सस्ती है और इस चिकित्सा से बीमारी को जड़ से खत्म करने में मदद मिलती है। डॉ. रीटा चड्ढ़ा ने चिकित्सा के लाभ बताए। आनंद प्रकाश गोयल ने परिषद् द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी। कमल अवस्थी और अमृतलाल जैन ने क्लीनिक के लिए राशि भी दान किये।

**समर्पण देहरादून, उत्तराखण्ड पश्चिम :** शाखा द्वारा राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास प्रकल्प के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून के सहयोग से एनीमिया मुक्त एवं हीमोग्लोबिन जांच तथा अनुवांशिक रक्त विकास थैलीसिमीया के प्रति जागरूकता व मुफ्त रक्त जांच का कार्यक्रम लक्ष्मी नारायण मंदिर धर्मावाला पंडितवारी प्रेम नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता जी.ए.पी. संस्थापक डॉ. सुजाता सिन्हा रहीं। 43 महिलाओं की रक्त जांच की गई। कार्यक्रम में रीजनल मंत्री सविता कपूर, शाखा अध्यक्ष नीलेश अग्रवाल आदि ने सम्बोधित किया। संचालन राजीव किया।

**देवबंद, हस्तिनापुर :** शाखा के तत्वावधान में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित उपकरण वितरण शिविर का आयोजन दून वैली पब्लिक स्कूल पर किया गया। शिविर में 167 लाभार्थियों को सहायक उपकरण ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, वैसाखी, कान की मशीन आदि प्रदान किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवबंद विधायक कुंवर बृजेश सिंह, जिला दिव्यांग विभाग अधिकारी अभय श्रीवास्तव, को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन चौधरी राजपाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, द दून वैली स्कूल के चेयरमैन राज किशोर गुप्ता, दीपक राज सिंघल, अजय गर्ग, विकास त्यागी इत्यादि सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि दिव्यांगों के लिए इस तरह के शिविर का आयोजन बहुत ही लाभप्रद है। अभय श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे जिले में दिव्यांगों को चिन्हित कर उन्हें उपकरण वितरित किये जा रहे है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील खेड़ा का शाखा प्रवास किया गया। इनके प्रवास पर शाखा द्वारा 6 ट्राई साइकिल, दो व्हीलचेयर, दो कान की मशीन एवं एक बैसाखी का वितरण किया गया। शाखा अध्यक्ष अमित सोनी, राजेश सिंघल, चौधरी सतवीर सिंह, अंशुल वर्मा, कार्यक्रम संयोजक सुखविन्दर बाबा, डॉ. गरदीप सोढ़ी, प्रदीप सिंघल आदि उपस्थित रहे।



**देवबन्द, हस्तिनापुर : ट्राईसाईकिल का वितरण**

**नूपुर जलेसर, ब्रज प्रदेश :** शाखा के तत्वावधान में जलेसर के चिताहरण सत्संग भवन में बंसल हार्डवेयर परिवार के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बंसल हार्डवेयर परिवार द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया जिसमें वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील खेड़ा, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. तरुण शर्मा, प्रान्तीय अध्यक्ष विनय सिंह, बसंत गुप्ता, जे.पी. गुप्ता व प्रवीण गर्ग्र सहित अन्य प्रान्तीय पदाधिकारी उपस्थित होकर मनोबल बढ़ाया। शिविर में 160 रक्तदाओं द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर के समापन पर शाखा द्वारा रक्तदाताओं तथा ब्लड बैंक की टीम का आभार व्यक्त व उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित

## स्वास्थ्य अभियान

**गंगोत्री देहरादून, उत्तराखण्ड पश्चिम :** शाखा की महिला संयोजिका डॉ. निर्मला शर्मा के संयोजन में डॉ. दीपशिखा शर्मा तथा डॉ. ऋचा शर्मा द्वारा 70 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिनमे से 6 बालिकाओं में एनीमिया पाई गई। उन्हें आयरन सीरप तथा अन्य आयुर्वेदिक दवाएँ दी गई। इसके साथ ही बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए। चिकित्सकों द्वारा सभी बालिकाओं को स्वस्थ परीक्षण कर उनके हीमोग्लोबिन बढ़ाने हेतु दवाईयाँ उपलब्ध करवाई गई व स्वस्थ रहने व बीमारियों से बचाव हेतु प्रेरित किया।

**ब्यावर, राजस्थान मध्य :** शाखा एवं राठी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय नि:शुल्क स्त्री रोग न्यूट्रिशन एवं डाइड परामर्श शिविर का आयोजन राठी हॉस्पिटल में किया गया। प्रकल्प प्रभारी कमलेश बट व सहप्रभारी सीमा जिन्दल ने बताया कि शिविर में 81 महिलाओं को परीक्षण किया गया जो गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाएँ थी। चिकित्सको द्वारा शिविर में आये हुए महिलाओं को कैसे व क्या सावधानियाँ परहेज रखना है इसके बारे में बताया। शिविर में अपनी सेवा देने वाली चिकित्सको स्त्री रोग विशेष डॉ. अंजना राठी व न्यूट्रिशन एवं डाइड विशेष डॉ. आयुषी जिन्दल को शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र काबरा, सचिव प्रशान्त पाबुवाल, महिला प्रमुख निशा खण्डेलवाल ने दुपट्टा पहनाकर अभिनन्दन व स्वागत एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

किया गया।

**कुशभवनपुर, प्रयाग :** शाखा ने सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती को पराक्रम दिवस के रूप मनाते हुए रक्तदान कोष जिला चिकित्सालय सुलतानपुर में परिषद् सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया। गणतंत्र दिवस पर स्थानीय विद्यालय राम प्रसाद सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के बीच झंडारोहण और विद्यालय के सौंदर्यीकरण में सहयोग करते हुए मिष्ठान, चिप्स, बिस्कुट आदि का वितरण किया गया।

**रायबरेली, अवध प्रदेश :** शाखा ने ओम पाली क्लीनिक के सौजन्य से अवसेर गिरीमठ राम जानकी मंदिर, चांदपुर रोड में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जिसमें 252 मरीजों को चिकित्सीय परामर्श एवं नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। चिकित्सा शिविर में शाखा कोषाध्यक्ष राजाराम मौर्य, डॉ. राजेश शुक्ला, डॉ. एल.पी. पाण्डे, डॉ. एस.सी. द्विवेदी, डॉ. रविशंकर मिश्रा व अन्य की उपस्थिति रही।

**समर्पण जसवंतनगर, ब्रह्मावर्त :** शाखा के तत्वावधान में सुधा आई एण्ड मल्टी केयर सेंटर नुमाइस इटावा के सहयोग से एक नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन छिमारा रोड पर कमला वाटिका मैरिज होम किया गया। शिविर में 300 मरीजों ने अपने नेत्रों के परीक्षण कराए। इस दौरान डॉ. एम. अली खान एवं डॉ. विश्वनाथ सिंह व उनकी टीम ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। परीक्षण के दौरान लगभग 120 मरीज मोतियाबिन्द के ऑपरेशन हेतु चयनित किए गए। शिविर में मुन्ना लाल वर्मा, उमाकान्त श्रीवास्तव, करन सिंह वर्मा, आनन्द गुप्ता, डॉ. योगेश एलानी सहित अन्य गणमान्य की सराहनीय उपस्थिति रही।

**रामकृष्ण कानपुर :** शाखा के आतिथ्य में कानपुर शहर से 40 किलोमीटर दूर रूमा इंडस्ट्रियल ऐरिया के पास पाली गाँव में नागा बाबा समाधि मंदिर परिसर में डॉ. जवाहर लाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम ने 200 नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच की जिन्हें आवश्यकतानुसार शाखा द्वारा नि:शुल्क दवायें उपलब्ध कराई गई। 45 रोगी मोतियाबिन्द से ग्रसित पाये गये। इन रोगियों को नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण डॉ. जवाहर लाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय में किया गया। नेत्र शिविर उपरान्त मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में 400 लोगों को खिचड़ी भोज कराया गया। मुख्य अतिथि सांसद देवेन्द्र सिंह के करकमलों से 145 लोगों में कम्बल का वितरण किया गया।

**कन्नौज :** शाखा द्वारा नि:शुल्क नाक, कान गला एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन नगर के भोलानाथ धर्मशाला तलैया चौकी पर किया गया। शिविर में करीब 425 मरीजों का परीक्षण किया गया और मोतियाबिन्द के करीब 175 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. के. स्वरूप, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित डॉ. आर.आर. गुप्ता, नरेन्द्र सिंह यादव, शशि भूषण गुप्ता सहित अन्य गणमान्य

उपस्थित रहें

**वीर तात्याटोपे शिवपुरी, मध्य भारत उत्तर :** शाखा द्वारा सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन प्रान्तीय संयोजक रक्तदान हरिओम संस्कृति के कार्यो के लिए पहचाना जाता है। शाखा अध्यक्ष ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। शिविर में अग्रतकोर



वीर तात्याटोपे शिवपुरी, मध्य भारत उत्तर : रक्तदान शिविर सम्पन्न।

अग्रावल के नेतृत्व में प्यूपल मल्टीसिटी हॉस्पिटल में सम्पन्न हुआ जिसमें शाखा कि महिला शक्ति ने आगे आकर सबसे अधिक रक्तदान किया। शिविर में 35 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर शाखा महिला संयोजिका समागम अग्रवाल शाखा अध्यक्ष अमित खण डेवाल कार्यक्रम संयोजक कपिल भाटिया, सुरेश बंसल, प्रवीण पांडे व अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**ब्यावर, राजस्थान मध्य :** शाखा द्वारा 72वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय मेवाड़ी गेट के अन्दर सिटी डिस्पेंसरी में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र काबरा व डॉ. राजेन्द्र तापड़िया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि नरेश कन्नौजिया उपसभापति रिखबचंद खटोड व पार्षद जनों का परिषद् सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने परिषद् की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरे देश में परिषद् सेवा, संस्कार, चिकित्सा रक्त कोष की टीम व फीडम ब्लड बैंक-आनन्द मल्टी हॉस्पिटल की टीम का सहयोग रहा। शिविर प्रभारी अमरचन्द मुंदड़ा ने बताया कि सेवा प्रकल्प के तहत आयोजित शिविर में युवा, जवान, युवतियों, महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। शिविर में 21 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर में 12 दम्पतियों तथा महिलाओं ने रक्तदान किया। जसपालसिंह हुडा ने 54वीं बार रक्तदान किया।

**जोधपुर मारवाड़, राजस्थान पश्चिम :** शाखा द्वारा डॉ. रंजना देसाई की अध्यक्षता एवं डॉ. सुनील कोठारी, डॉ. बी.एस. जोधा, डॉ. चन्दीरमानी व डॉ. अखिलेश गुप्ता की उपस्थिति में उम्मेद अस्पताल को तीन बच्चों की व तीन बड़ी ट्रॉली भेंट की गई। इस अवसर पर शाखा की ओर से अनिल गोयल, नारायण रूप राय, जगदीश प्रसाद शर्मा, नेमराज मेहता, लोकेश कुमार मित्तलसचिव सूर्य प्रकाश शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। ■

Annual medical camp of Bharat Vikas Parishad, **Jorhat Branch** in memory of Late DR. Pulin Chandra Baruah was organized at Puranimati High School on 27 February, 2021 observing COVID protocol of the state government. Doctors, nurse, and paramedical staff of Vivekananda Kendra Noomaligarh Refinary Limited Hospital attended the camp. Altogether 157 patients were examined, diagnosed, and dispensed medicines.

**BVP Shahpurkandi** Township organised a programme of donating Dead Body Freezer to the public of Township & nearby villages at RSD Hospital. Sh.SK Saluja CE RSD Project & Shahpurkandi Dam was Chief Guest.Branch President Rakesh Mahajan welcomed the Chief Guest & Bvp National & State Adhikaries.KK Happy Bvp State PRO & Add. Charge Branch Secratory told the gathering various activities done by Bvp Shahpurkandi Township.

# भारत विकास परिषद की शाखाओं द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



मऊ, काशी प्रदेश : गर्भवती महिलाओं का गोदभराई कार्यक्रम।

**Dhubri, Assam :** The branch organised a medical and health check-up camp at the School premises of R.K.Basu Bidyapith, Vivekananda Path, Dhubri to cover the medical screening of people of weak economic background of the locality of Jahajghat, Panchughat, Balurchar area of Dhubri town today on 31.01.2021. In the said camp, around 165 nos. patients have been screened to estimate their blood sugar level, Blood pressure, body weight and rendered other relevant tests before sent them to doctors chamber for final assessment by a team of doctors headed by Dr. S.Paul, MD. Free medicines have been distributed to all patients as per need.

**किदवई नगर कानपुर, ब्रह्मावर्त :** शाखा द्वारा स्थानीय मधुलोक हॉस्पिटल बैंक में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर से एकत्रित रक्त आस-पास की शाखाओं जैसे फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज की संबंधियों एवं सदस्यों को आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। शिविर की विशेषता यह रही कि पूर्व वाइस चेयरमैन भारत को जानो 64 वर्षीय प्रमोद दादू ने भी 1 यूनिट रक्तदान किया। शाखा एवं अस्पताल की ओर से सभी रक्दाताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में शाखा के सदस्यों एवं दायित्धारियों की सराहनीय योगदान रहा। अंत में अस्पताल के डॉ. लोकेन्द्र सिंह एवं उनकी टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

**मऊ, काशी प्रदेश :** शाखा द्वारा श्याम संजीवनी अस्पताल सभागार में निःशुल्क गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच एवं गोदभाई शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 63 महिलाओं की हड्डी जांच, 58 की एनीमिया की जांच, 40 की थायराइड की जांच करवाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग संघचालक रामप्रताप सिंह ने कहा कि परिषद् द्वारा प्रत्येक माह होने वाली इस शिविर के माध्यम से केवल गर्भवती माताओं को बच्चों को संस्कारित बनाने की शिक्षा दी जा रही बल्कि एनीमिया की जांच कर उन्हें स्वस्थ रखाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि ललिता शास्त्री ने कहा कि बच्चों की पहली गुरु माँ होती है। माँ जैस चाहे बच्चों को ढ़ाल सकती है। प्रान्तीय पदाधिकारी डॉ. अलका राय ने कहा कि माँ बच्चे को स्वस्थ तभी रखा सकती जब वह खुद स्वस्थ हो। परिषद् विगत वर्षों से प्रयासरत है कि हर माता स्वस्थ, सुरक्षित व संस्कारित रहे व अपने परिवार व बच्चों को भी संस्कारित बनाए। हाल ही में जन्मी एक बच्ची के परिजनो को 11 सागौन के पौधे व एक हजार रुपये

से खाता खोलकर पासबुक प्रदान किया गया। महिला संयोजिका पुष्पा जायसवाल, कोषाध्यक्ष रश्मि बरनावाल, अनीता मिश्रा व अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**गंगोत्री देहरादून, उत्तराखाण्ड पश्चिम :** शाखा की महिला संयोजिका डॉ. निर्मला शर्मा के संयोजन में डॉ. दीपशिखा शर्मा तथा डॉ. ऋचा शर्मा द्वारा 70 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिनमे से 6 बालिकाओं में एनीमिया पाई गई। उन्हें आयरन सीरप तथा अन्य आयुर्वेदिक दवाएँ दी गई। इसके साथ ही बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए। चिकित्सकों द्वारा सभी बालिकाओं को स्वस्थ परीक्षण कर उनके हीमोग्लोबिन बढ़ाने हेतु दवाईयाँ उपलब्ध करवाई गई व स्वस्थ रहने व बीमारियों से बचाव हेतु प्रेरित किया।

**मेरठ मेन, हस्तिनापुर :** शाखा एवं युवा शक्ति शाखा के संयुक्त तत्वावधान तथा एस.एस.डी ब्वायज इण्टर कॉलेज, लालकुर्ती के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कॉलेज प्रधानाचार्य बी.पी. सिंह, मेन शाखा के पूर्व अध्यक्ष सुधेश कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस आयोजन में पी.एल. शर्मा जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शिविर में समाज सेवी वीरेन्द्र अग्रवाल, श्याम बिहारी अग्रवाल, मेन शाखा सचिव अनिल अग्रवाल, युवा शक्ति शाखा सचिव अनुभव अग्रवाल सहित दोनों शाखाओं के सदस्यतों एवं कॉलेज स्टाफ द्वारा 107 यूनिट रक्तदान किया गया तथा सभी रक्तदाताओं की खून की जांच भी करवाई गई। शिविर के आयोजन में शरत चंद्र, सरल माधव, गौरव कुमार, अधीर मांगलिक सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

**मुजफ्फरनगर सम्राट :** शाखा द्वारा स्थानीय जिला चिकित्सालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण चौपड़ा व चेयरमैन विनय शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौपड़ा ने अपने उद्बोधन में बताया कि मुजफ्फरनगर ब्लड बैंक का स्थान प्रदेश में पहले नंबर पर है और यह सब आप सभी के सहयोग से संभव हुआ है। उन्होंने ने शाखा को निरन्तर रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए बधाई देते हुए रक्तदान करने के फायदे बताई। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील गर्ग, सचिव डॉ. नितिन जैन, कोषाध्यक्ष सोम्य कुच्छल, शाखा संस्थापक परमकीर्तिशरण अग्रवाल, मुकेश खात्री व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**ब्यावर, राजस्थान मध्य :** शाखा एवं राठी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय नि:शुल्क स्त्री रोग न्यूट्रिशन एवं डाइड परामर्श शिविर का आयोजन राठी हॉस्पिटल में किया गया। प्रकल्प प्रभारी कमलेश बट व सहप्रभारी सीमा जिन्दल ने बताया कि शिविर में 81 महिलाओं को परीक्षण किया गया जो गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाएँ थी। चिकित्सको द्वारा शिविर में आये हुए महिलाओं को कैसे व क्या सावधानियाँ परहेज रखाना है इसके बारे में बताया। शिविर में अपनी सेवा देने वाली चिकित्सको रत्री रोग विशेष डॉ. अंजना राठी व न्यूट्रिशन एवं डाइड विशेष डॉ. आयुषी जिन्दल को शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र काबरा, सचिव प्रशान्त पाबुवाल, महिला प्रमुखा निशा खाण्डेलवाल ने दुपट्टा पहनाकर अभिनन्दन व स्वागत एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। शाखा अध्यक्ष ने चिकित्सकों, महिला प्रभारी एवं राठी हॉस्पिटल को बहुत सुन्दर आयोजन के लिए धन्यवाद व आभार दिया।

**गरोठ, मध्य भारत पश्चिम :** शाखा द्वारा स्व. पदम कुमार जैन एवं स्व. राजेन्द्र कुमार जैन की स्मृति में मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन शासकीय हॉस्पिटल गरोठ में किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि डॉ. वीरेन्द्र वर्मा, बी.एम.ओ. गरोठ एवं विशेष अतिथि प्रान्तीय अध्यक्ष सुनील सिंवल, प्रान्तीय महासचिव प्रदीप चोपड़ा, डॉ. विजय पटेल, डॉ. गहलोत, के.के. भट्ट, मनोज जैन, डॉ. संजय पंजाबी व अन्य की सराहनीय उपस्थिति रही। सुनील सिंवल द्वारा परिषद् की आगामी सेवा प्रकल्पों के बारे में बताया गया। प्रदीप चोपड़ा ने शाखा की सेवा कार्यों की प्रशंसा की व डॉ. संजय पंजाबी द्वारा उपस्थित मरीजों को मोतियाबिन्द के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में 145 मरीजों का परीक्षण किया गया जिसमें 49 चश्नित मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल भेजा गया।

**भानपुरा :** शाखा के तत्वावधान एवं स्व. शरद हिंगे की स्मृति तथा नव जीवन हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर भवानीमंडी के सहयोग से तृतीय सर्व योग निदान शिविर शासकीय चिकित्सालय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक व शाखा संरक्षक

देवीलाल धाकड़, प्रान्तीय अध्यक्ष सुनील सिंहल, महासचिव प्रदीप चोपड़ा ख्यातानाम हृदय विशेषज्ञ डॉ. अतुल राठौर, नवजीवन हॉस्पिटल से डॉ. शैलेन्द्र पाओदार, डॉ. आरती पाटीदार, डॉ. चन्द्रगुप्त आचोलिया, डॉ. नीलेश गुप्ता, डॉ. राजबीर छाबड़ा सहित 13 अन्य चिकित्सों की उपस्थिति रही। उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत शाखा दायित्वधारियों एवं सदस्यों द्वारा किया गया। शिविर से 691 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर में सर्वाधिक नेत्र, हृदय, चर्म रोग आदि का गहन परीक्षण आधुनिक मशीनों द्वारा किया गया। विधायक देवीलाल ध ाकड़ ने सभी से आह्वान किया कि मानव सेवा कर अपने जीवन को सफल बनाएँ। डॉ. अतुल राठौड़ ने हार्ट, शुगर, ब्लड प्रेशर, कैसर जैसी बीमारियों का मुख्य कारण आज की आधुनिक शैली को बताया।

**विक्रमादित्य उज्जैन :** शाखा के तत्वावधान में 34वां मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर ग्राम परसौली में राष्ट्रीय संत पूज्य श्री गोपाल कृष्ण जी महाराज के पावन सानिध्य, योगेन्द्र चौहान, जिला संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व अखिाल भारतीय ब्रह्मण एकता परिषद् के संभागीय प्रभारी डॉ. निर्दोष पाठक 'निर्भय' के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवान शर्मा, शाखा संरक्षक ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में किशोर शर्मा, जिला पंचायत सदस्य, विश्व हास्य कवि दिनेश दिग्गज व राष्ट्रीय कवि राहुल शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा पत्रकार कुणाल कुमरावत नई दुनिया, कपिल वर्मा दैनिक अवन्तिका, दिनेश कुमार डाबी दैनिक भाष्कर को उनके द्वारा क्षेत्र को दी जा रही सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. सुनील शर्मा, आशीष सिंह चौहान, मनीष उपाध्याय एवं वैद्य संतश्री धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि डॉ. जितेन्द्र शर्मा, डॉ. प्रवीण पंडया, डॉ. विजय

**शिविर में आयुष्मान कार्डधारी 34 मरीजों के ऑपरेशन नि:शुल्क किये गये। सह-संयोजक डॉ. अशोक शर्मा, राधेश्याम शर्मा, मुकेश शर्मा एवं आशीष शर्मा ने बताया कि परिषद् द्वारा विभिन्न ग्रामों एवं पिछड़ी बस्तियों में इस प्रकार के शिविर आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें अभीतक हजारों लोग स्वास्थ्य लाभ ले चुके हैं।**

पाटील, डॉ. सी.पी. पाटीदार, डॉ. बी. के. मालवीय व डॉ. समर्थ पाटीदार के संयोजन में आयोजित इस शिविर में डॉ. रूपेश खात्री (न्यूरो सर्जन), डॉ. शरद गोवा (यूरोलॉजिस्ट), डॉ. पिन्केश डफारिया (जनरल फिजिसियन), डॉ. अजय मंडालोई, डॉ. जय कुमार शर्मा (हड्डी रोग), डॉ. गिरधर सोनी व अमृता सोनी (दन्त रोग), डॉ. राहुल गुप्ता (शिशु रोग), डॉ. मीनाक्षी जाटवा (स्त्री रोग), डॉ. उमेश शुक्ला (आयुष), सुनील शर्मा (पैथलॉजी) कमल पाटीदार, रवि शर्मा (फर्मासिस्ट) आदि विशेषज्ञ चिकित्सकों के मार्गदर्शन में 300 मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण के साथ उन्हें आवश्यकतानुसार दवाईयाँ भी दी गई। इण्डेक्स कॉलेज एवं हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर के मार्केटिंग पीआरओ दीपक शिवहरे ने बताया कि शिविर में आयुष्मान कार्डधारी 34 मरीजों के ऑपरेशन नि:शुल्क किये गये। सह-संयोजक डॉ. अशोक शर्मा, राधेश्याम शर्मा, मुकेश शर्मा एवं आशीष शर्मा ने बताया कि परिषद् द्वारा विभिन्न ग्रामों एवं पिछड़ी बस्तियों में इस प्रकार के शिविर आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें अभीतक हजारों लोग स्वास्थ्य लाभ ले चुके हैं।

**घरौंडा, हरियाणा उत्तर :** स्थानीय सनातन धर्म मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मंच संचालन प्रान्तीय प्रभारी कपिल गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि वीरेन्द्र राठौड़ ने परिषद् का आभार जताया। उन्होंने परिषद् द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

**थर्मल, राजस्थान उत्तर :** दिसम्बर 2020 शाखा द्वारा भ्स। जांच शिविर लगाया गया जिसमें लगभग 250 लोगों ने इसकी जांच करवाई। उनमें हमारे शाखा सदस्य रिछपाल भी रहे जिनकी 11 साल के अप्लास्टिक एनीमिया से ग्रसित बच्चे से शत प्रतिशत मिल गया। उन्होंने फरीदाबाद के अस्पताल में 5 घण्टे में यह डोनेशन सम्पन्न किया। इस डोनेशन में दात्री फाउण्डेशन की मुख्य भूमिका रही। इस पुनीत कार्य में रीजनल मंत्री सेवा विनोद आढ़ की सहभागिता रही। ■



जोधपुर मारवाड़, राजस्थान पश्चिम : स्थानीय उम्मेद अस्पताल को ट्रॉली भेंट की गई।

# मानव सेवा के लिए

**Kokrajhar, Assam :** Branch organised a free medical camp at New Balajan L.P. School, Nazratpur, kokrajhar. A total 55 nos. of patients were given medicine after being diagonised by Dr. Amal Ch. Roy. Moreover, members of Ekal Abhijan provided their helping hands to us in today's program. Branch organised a free medical camp at Kokrajhar Town Bathou Thansali on the occasion of "GWTHAR BATHOU SAN"on 26th January 2021. A total 122 nos of patients were given medicines after being diagonised by Dr. Amal Ch. Roy, moreover Dr. Arbind Goyal & Sunil Kr. Barman provided their helping hand in today's programme.

Abhayapuri : On 26thJanuary 2021 sweaters were distributed among the needy persons by bvp Abhayapuri branch,Assam which has been received from BVP Vivekanand Ludhiana branch.

**Shri Jagannath Dham Puri, Odisha East :** Branch observed 158th Birth Anniversary of Swami Vivekananda and National Youth Day at the statue point on the sea beach, Puri. The statue of Swami ji was garlanded and floral tribute was paid to Swami ji. In this event Honb'le M.L.A. Puri Jayant Kumar Sarangi, Secretary Ramkrishna Mission Ashram Swami Apteswaranand Ji Maharaj, Adl. Collector, Puri Binay Dash and Pradeep Sahoo, Deputy Collector, Puri NS Purna Chandra Khuntia, recollected the call of Swami ji, while paying floral Tribute. Branch President Dr. Surendranath Pati welcomed the guests and Secretary Supriti Rath spoke with thanks to the participants. Our branch convenor Soumendra Das conducted the event. In this occasion a beach cleaning program was made by BVPians by all cooperation with district administration.




जयपुर महानगर, राजस्थान उत्तर पूर्व : अन्तर्महाविद्यालयीय वाद विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न।

# कल्याणकारी कार्य

**धनबाद उत्तर, झारखण्ड :** 72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शाखा के तत्वावधान में कतरास स्थित गंगा गौशाला में बड़े उत्साह से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गौशाला के 100 कर्मियों के मध्य कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. अरविन्द मिश्रा, प्रो. धीरज कुमार एवं गौशाला अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल द्वारा किया गया। तत्पश्चात गौशाला का भ्रमण कर पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मध्य परिषद् के कार्यों एवं उद्देश्यों पर वृहत चर्चा की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. अरविन्द मिश्रा, प्रो. धीरज कुमार, प्रो.पंकज मिश्रा, हरि रंजन सिंह, सतीश कूमार, बृजेश पाण्डे सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

**दुमका :** शाखा द्वारा कोरैया पंचायत के ठाढ़ी गाँव की महिला एवं किशोरियों को समग्र विकास की परिकल्पना की जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। खासतौर पर महिलाओं को संबल देने के लिए तैयार कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। परिषद् की महिला विंग ने गाँव की महिलाओं को उनके जीवन यापन का स्तर सुधारने हेतु सुझाव दिये गये। इस दौरान बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों के बीच कम्बल तथा किशोर-किशोरियों के बीच टी-शर्ट व पैंट का वितरण किया गया। गाँव की महिला एवं किशोरियों को कम्प्यूटर व सिलाई प्रशिक्षण दिलाने का आश्वासन भी दिया गया। कार्यक्रम में सेवा प्रभाग के डॉ. मुकेश कुमार, अनुज आर्य, महिला सहभागिता अध्यक्ष भारती शर्मा, समाजसेवी प्रीति भालोतिया सहित ग्रामीण महिला पुरुष ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**देवघर :** शाखा द्वारा आयोजित कोरोना जांच शिविर में कोरोना जांच करने वाली टीम के 5 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। टीम लीडर अरुण कुमार सिन्हा ने सभी के लिए परिषद् के अध्यक्ष प्रकाश सिंह, प्रान्तीय संयोजक एस.पी.सिंह तथा शिविर संयोजक डॉ. सुनिल सिन्हा के हाथो प्रशस्ति पत्र ग्रहण किया।

**राँची मध्य :** शाखा द्वारा गायत्री बालिका विद्यालय, सेक्टर-2 धुर्वा में गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन एवं बेटी है तो सृष्टि है कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के तीन शिक्षिकाओं को श्रीफल, पुस्तक और शाल ओढ़ाकर वन्दन एवं चार छात्र/छात्राओं को स्कूल बैग, बॉक्स, पुस्तक एवं कलम देकर अभिनन्दन

**राँची मध्य, झारखण्ड : बच्चों में स्कूल बैग व अन्य सामग्री का वितरण।**



किया गया। 4 बच्चों को स्वेटर व 20 बेटियों को स्कूल बैंग, पुस्तक, टिफिन बॉक्स देकर प्रोत्साहित किया गया। उपरोक्त विषय पर पूर्व चेयरमैन जी. पी.सिंह, प्रान्तीय संरक्षक संरक्षक जी. एन. सिंह, विद्यालय प्रधानाचार्य महतो ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजू शर्मा, प्रदीप शर्मा व अन्य सदस्यों सहित राँची महानगर शाखा के अध्यक्ष एच.पी. भगत का सहयोग रहा।

**Hazaribagh :** Branch GVCA programme has been done at DAV Public school, Hazaribagh. Where they have felicitated Teachers and Students.In the programme several Members of BVP were participated Besides teachers and students:-Prof Jatadhar Dubey,Sardar Surjit Singh, Ashok Kr Verma, D.K.Rana. Dilip Kumar Gupta expressed thanks to all of them who helped in making it a grand success.

**गया, मगध बिहार :** बोध गया के संघप्रिया रेस्ट हाउस में पूर्वी रीजन का चिन्तन शिविर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रंजीत कुमार वर्मा ने कहा कि 'समाज के प्रबुद्ध ही समाज को दिशा देते हैं। वे जैसा करते हैं, समाज उससे प्रेरणा लेता है।' शिविर में रीजन के ओडीशा, बंगाल, झारखण्ड एवं बिहार राज्य के सभी प्रान्तीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केन्द्रीय कार्यालय महेश बाबू गुप्ता ने कहा कि परिषद् समाज में विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धों को ही सदस्यता के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए। गिरीश कुमार सिंह ने कहा कि आज देश को समर्पित प्रबुद्धों की आवश्यकता है जो दूसरों के लिए आदर्श बन सके। पूर्ण चन्द्र खुंटिया ने कहा कि प्रत्येक शाखा को 3 वर्ष की कार्य योजना बनानी चाहिए, जिसमें राष्ट्रीय समूहगान, भारत को जानो आदि कार्यक्रमों का समावेश हो। डॉ. रविन्द्र कुमार रीजनल सचिव, प्रान्तीय अध्यक्ष देवकुमार शर्मा एवं संरक्षक देवनाथ मेहरवार ने पुराने एवं नये सदस्यों को लेकर चलने पर जोर दिया। डॉ. शान्ति सिंह, डॉ. सारनाथ सिंह, मुकेश कुमार और दिनेश कुमार ने ऐसे कार्यक्रम को प्रान्त एवं शाखा स्तर पर करने पर बल दिया। डॉ. बाल्मीकि कुमार, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री ने संचालन करते हुए सभी प्रान्त और शाखाओं से 3 वर्षीय कार्य योजना बनाने का अनुरोध किया ताकि केन्द्रीय कार्यालय को प्रेषित किया जा सके। धन्यवाद ज्ञापन प्रान्तीय महासचिव अमृतेश कुमार ने किया।

**पंचपुरी हरिद्वार, उत्तराखण्ड पश्चिम :** शाखा अपने सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत दायित्वधारियों द्वारा तेज सर्दी और शीतलहर में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे 50 जरूरतमंदों में कम्बल वितरण किया गया। प्रान्तीय वित्त सचिव जे.के. मोंगा ने कहा कि समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रम समय-समय पर अन्य क्षेत्रों में जारी रहेगा। शाखा कोषाध्यक्ष हेमंत सिंह नेगी ने कहा कि गरीबों की सेवा से बड़ा पुनीत कार्य दूसरा कोई नहीं है। इस पुनीत कार्य में डॉ. महेन्द्र सिंह असवाल, रश्मि मोंगा एवं डॉ. कृष्ण कुमार ने सहयोग किया।

**शक्ति गाजियाबाद, पश्चिमी उत्तर प्रदेश :** शाखा द्वारा माह जनवरी के अन्तर्गत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें मकर संक्रान्ति पर्व पर मजदूरों व महिलाओं को खिचड़ी के साथ लड्डू, रेवड़ी व मूंगफली का वितरण, बेटी है तो सृष्टि है, साप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धन वर्ग की 10-18 वर्ष की आयु की 11 बेटियों का हीमोग्लोबिन की जांच की गई। इसमें से 5 बेटियों में खून की कमी पाई गई, जिन्हें लोहे की कढ़ाई के साथ गुड़ व चना दिया गया। बालिकाओं द्वारा राष्ट्र के उत्थन में बेटी बढ़ाओ बेटी पढ़ाओ पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। कमजोर वर्ग के बच्चों को सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े व स्वेटर के साथ लेखन सामग्री, रजिस्टर, पेन, पेंसिल, रबर व बिस्कुट बांटे गये। 72वें गणतंत्र दिवस गूगल

मीट्स पर मनाया गया जिसमें बच्चों ने देशभक्ति के गाने व नृत्य प्रस्तुत किये। कोर्ट स्कूल की 10 जरूरतमंद लड़कियों को गोद लिया गया जिनके पढ़ाई का खर्च शाखा द्वारा वहन किया जाएगा।

**सृष्टि पिलखुवा :** शाखा द्वारा संस्कृति सप्ताह के अंतिम दिन क्राफ्ट आर्टिकल्स के अन्तर्गत वेस्ट चीजों से सुन्दर-सुन्दर शो पीस कैसे बनाए जाए उनका प्रशिक्षण संस्था की प्रान्तीय उपाध्यक्ष इन्दु वार्ष्णेय ने दिया। प्रशिक्षण का लाभ उपस्थित अनेक महिलाओं व बच्चों ने उठाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डासना मंदिर की महंत यति माँ चेतनानन्द सरस्वती रहीं। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि भारत विकास परिषद् सृष्टि शाखा के कार्यक्रमों में आकर बहुत अच्छा लगता है। शाखा सेवा व संस्कारित कार्यक्रमों के माध्यम से एक मिसाल कायम कर रही है।

**स्वामी विवेकानन्द भरथना, ब्रह्मावर्त :** शाखा के तत्वावधान में कस्बा के आज़ाद रोड स्थित हनीहोम गेस्ट हाउस में गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन एवं सम्मान समारोह कराया गया। समारोह का शुभारंभ जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश उपाध्याय एवं सेवा निवृत्त अपर जिलाधिकारी विजय सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर के एक दर्जन शिक्षण संस्थाओं से बोर्ड में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण एवं इण्टरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थियों, एकल गायन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले व अन्य कई प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों एवं शिक्षकों सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व चेयरमैन मनोज पोरवाल, प्रभाकर गुप्ता, प्राचार्य राजेश नारायण दुबे, देवकीनन्दन अग्रवाल, रमाकान्त गुप्ता, सी.के.शुक्ला, ओ.पी. दीक्षित व अन्य द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्म प्रकाश श्रीवास्तव, अंकुर पुरवार शाखा अध्यक्ष, सचिव अनिल कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव राजीव वर्मा, बंटी शुक्ला सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**शाखा द्वारा माह जनवरी के अन्तर्गत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें मकर संक्रान्ति पर्व पर मजदूरों व महिलाओं को खिचड़ी के साथ लड्डू, रेवड़ी व मूंगफली का वितरण, बेटी है तो सृष्टि है, साप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धन वर्ग की 10-18 वर्ष की आयु की 11 बेटियों का हीमोग्लोबिन की जांच की गई।**

**किदवई नगर कानपुर :** शाखा द्वारा मकर संक्रान्ति के अवसर पर कानपुर स्थित वनवासी कल्याण आश्रम (सेवा समर्पण संस्थान) में 1 क्विंटल चावल बच्चों के भोजनार्थ भेंट किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से एम.एल.अग्रवाल, जितेन्द्र कुमार अग्रवाल, अभिषेक केसरवानी, आर. के. गुप्ता, मनोज कुमार विश्नोई एवं अनिल अग्रवाल ने विशेष सहयोग दिया। 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस महाराजा अग्रसेन भवन में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में अध्ययन करने वाली 5 बालिकाओं को सम्मानित किया गया। सभी बालिकाओं में वस्त्र, लेखन सामग्री प्रदान की गई। डॉ. मीरा दुबे एवं डॉ. अशा त्रिपाठी द्वारा साधनहीन बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाराजा अग्रसेन भवन में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्रान्तीय एवं शाखा दायित्वधारियों सहित सदस्यों की सहभागिता रही।

**आज़मगढ़ आदर्श, काशी प्रदेश :** भारत विकास परिषद् हमेशा गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित रहने वाल संगठन है। शाखा ने सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत भीषण शीतलहर व ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों में गर्म कपड़े एवं कम्बल का वितरण किया।

**प्रयाग :** परिषद् ने कोरोना काल में सेवा के साथ-साथ संस्कारों के भी अनेक कार्य किये हैं जिसके तहत भारत को जानो, राष्ट्रीय समूहगान एवं गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन ऑनलाइन संपन्न हुए। इन प्रतियोगिता में स्थानीय 7 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इनके अलावें विपदा काल में सभी को व्यस्त एवं प्रसन्न रखने के लिए मेंहदी, देश भक्ति गीत, चित्रकला, राष्ट्र व्यापी भारत को जानो, रामायण ज्ञान, फैंसी, फल एवं मेवें से आभूषण बनाकर सज्जा, रैप वॉक एवं शास्त्रीय

नृत्य आदि प्रतियोगिता ऑनलाइन सम्पन्न की गई। उस समय कोरोना अपने चरम पर था इसलिए पुरस्कार वितरण नहीं किये गये। अब सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सभी प्रतिभागयों को



**मानसरोवर लखनऊ, अवध प्रदेश : निबन्ध प्रतियोगिता सम्पन्न।**

पुरस्कृत करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रज्जू भैया, राज्य विश्वविद्यालय के वाइसचांसलर, डॉ. के.एन. सिंह, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने परिषद् द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा किया। इस अवसर पर पूर्व प्रान्तीय अध्यक्षों का सम्मान भी किया गया। प्रान्तीय महासचिव निशा जायसवाल ने परिषद् का परिचय दिया एवं रीजनल मंत्री शिव नन्दन गुप्ता ने सभी को आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम में प्रान्तीय दायित्वधारियों सहित शाखाओं के सदस्यों ने सहभागिता की।

**मानसरोवर लखनऊ, अवध प्रदेश :** शाखा द्वारा स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर सम्पन्न निबंध लेख प्रतियोगिता में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय के प्रतिभागियों को प्रशंसा पर एवं मोमेण्टो देकर तथा प्रधानाचार्या को स्वामी विवेकानन्द का चित्र देकर सम्मानित किया गया। मार्डन पब्लिक स्कूल, एल.डी.ए. कॉलोनी में बसन्तोत्सव, सरस्वती पूजन, हवन, वेद दर्शन एवं स्पर्श, प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शाखा दायित्वधारियों के सहित परिवार के सदस्य, महिलाएँ एवं बच्चे उपस्थित रहे। महिला सदस्यों एवं बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना किए गए। सभी बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।

**पालमपुर, हिमाचल प्रदेश पश्चिम :** शाखा अध्यक्ष सुदर्शन वासुदेवा के नेतृत्व में रीजनल मंत्री सम्पर्क मनोज रत्न, प्रान्तीय अध्यक्ष कमल सूद व अन्य सदस्यों ने माननीय मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को परिषद् का कैलेंडर भेंट किया और अशोक चक्रम विजमा अमर शहीद मेजर सुधीर वालिया की प्रतिमा लगाने की लगाने पर सरकार का आभार व्यक्त किया गया। पालमपुर को नगर मिगम का दर्जा देने के लिए नागरकि सम्मान और परिषद् की ओर से एक पत्र सौंपा गया जिसमें मांग की गई कि पालमपुर में राष्ट्रीय गोरव का प्रतीक ऊँचा तिरंगा झंडा भी स्थापित किया जाए।

**शाहपुर कंडी, पंजाब उत्तर :** शाखा परिषद् के मूल मंत्र सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण के उद्देश्यों को साकार करते हुए रीजनल संरक्षक ललित महाजन की अध्यक्षता में रणजीत सागर बांध प्रशासन और अस्पताल प्रशासन के सहयोग से क्षेत्र की जनता के लिए डी फ्रीजर जनता को समर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चीफ इंजीनियर एस.के. सलूजा और विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुशील शर्मा, प्रान्तीय अध्यक्ष शिव गौतम, प्रान्तीय महासचिव रमन पुरी उपस्थित रहे। प्रान्तीय संयोजक और शाखा अध्यक्ष ने सभी का सिरोपे सहित श्रीफल देकर स्वागत व सम्मान किया गया। शाखा द्वारा किये गये कार्यक्रमों के बारे में सचिव ने ब्यौरा प्रस्तुत किया। यह डी फ्रीजर अस्पताल के एक कमरे में रखा गया। जिसको भी जरूरत होगी सदस्यों

से सम्पर्क कर अपने घर ले जा सकते है। रीजनल संरक्षक ललित महाजन ने परिषद् द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**चण्डीगढ़ :** भारत विकास परिषद् चण्डीगढ़ द्वारा 12वां सामूहिक विवाह का अयोजन किया गया जिसमें 8 जोड़ो ने अग्नि के सात फेरे लेकर सात जन्मों तक साथ रहने का वचन लिया। इस अवसर पर चण्डीगढ़ भाजपा पूर्व अध्यक्ष संजय टंडन, वर्तमान अध्यक्ष अरुण सूद, पूर्व मेयर आशा जायसवाल सहित क्षेत्रीय पार्षद रविन्दर कौर गुजराल व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उन्होंने परिषद् की सराहना की और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए इसमें हर संभव मदद करने की भी बात कहीं। शादी में वैवाहिक जोड़े को घर के सामान सहित रसोई का सामान, साइकिल, सिलाई मशीन इत्यादि सहित 58 वस्तुएँ भेंट स्वरूप दिये गये। गरीब परिवार की लड़कियों की शादी का बीड़ा परिषद् ने उठाया है। इस अवसर पर नीलम गुप्ता, मनमोहन जौली, सुमिता कोहली, सुमन गोयल और अन्य सदस्यों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

**इन्द्रपुरी, दिल्ली मध्य :** शाखा की ओर से पूसा गेट व राजेन्द्र प्लेस के पास लगभग 30 जरूरतमंद लोगों को नए ऊनी स्वेटर, पजामें व 40 जुराबें बांटी गई। वितरण समारोह में शाखा अध्यक्ष मुकेश शर्मा, महिला प्रमुख सरोजिनी सिंघल, निशा खा, सह-सचिव ने सहयोग किया।

**नारनौल, हरियाणा दक्षिण :** शाखा द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर 'आनन्द रसोई' प्रकल्प के अन्तर्गत केशव नगर निवासी राधेश्याम सोनी एवं कांता सोनी के सौजन्य से श्रमिक चौक पर लगभग 350 श्रमिकों के लिए सुबह के भोजन व्यवस्था की गई। शाखा सचिव नरोत्तम ने बताया कि

**भारत विकास परिषद् हमेशा गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित रहने वाल संगठन है। शाखा ने सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत भीषण शीतलहर व ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों में गर्म कपड़े एवं कम्बल का वितरण किया।**

सोनी परिवार द्वारा विवाह की वर्षगांठ के अवसर पर उनके सौजन्य से भोजन व्यवस्था की गई। कोरोना महामारी के



नारनौल, हरियाणा दक्षिण : आनन्द रसोई के अन्तर्गत श्रमिकों को भोजन कराया गया।




भारत विकास परिषद् चण्डीगढ़ द्वारा 12वां सामूहिक विवाह का अयोजन किया गया

कारण बंद यह आयोजन लगभग एक वर्ष के उपरान्त पुनः आरंभ किया गया। इस अवसर पर प्रान्तीय संगठन मंत्री महेन्द्र शर्मा ने कहा कि ईश्वर ने मानव को सेवा का सर्वोत्तम अवसर प्रदान किया है। शास्त्रों में भी बसंत के अवसर पर दान धर्म का विशेष महत्व बताया है। शाखा अध्यक्ष देवेन्द्र सोनी ने कहा कि परिषद् ने इस प्रकल्प के माध्यम से मानव सेवा की मुहिम को कारगर

बनाने का बीड़ा उठाया है। भीमसेन शर्मा ने कहा कि धार्मिक अवसरों पर सेवा कार्यों की परम्परा भारतीय संस्कृति की पहचान है। सुभाष सिंघला ने सोनी परिवार का परिषद् की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी शाखा दायित्वधारी व सदस्य उपस्थित रहे।

**घरौंडा, हरियाणा उत्तर :** शाखा द्वारा लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति स्थानीय हनी गार्डन में बड़ी श्रद्धापूर्वक और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ममता राणा, ग्राम सरपंच सह-परिवार उपस्थित रह कर लोहड़ी की अग्नि प्रज्वल्लि किया। उन्होंने शाखा का आभार एवं प्रशंसा करते हुए मकर संक्रान्ति एवं लोहड़ी पर्व की पृष्ठभूमि एवं महत्ता की बड़ी रोचकता से जानकारी दी। शाखा सचिव अरुण धीमान ने सभी सदस्यों को लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति की बधाई देकर सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर सदस्यों एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शाखा अध्यक्ष नरेन्द्र राणा ने आये हुए सभी सदस्यों एवं अतिथियों को लोहड़ी व मकर संक्रान्ति की बधाई दी व सभी का धन्यवाद किया।

**Panchkula :** The branch celebrated Yuva Divas on Jan 12 by garlanding the statue of Swami Vivekananda in the premises of Parishad Bhawan. Students of Bitiya Vikas Kendra joined in the tribute to the great man who gave this motto to all especially to the young people of India. " Arise ,awake and stop not till the goal is reached."

**उदयपुर, राजस्थान दक्षिण :** उदयपुर शहर में स्थित समस्त शाखाओं द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना काल में किये गये सेवा कार्यों की एक समीक्षात्मक बैठक राष्ट्रीय प्रकल्प चेयरमैन-सेवा देवराज शर्मा के मुख्यातिथ्य एवं राष्ट्रीय मंत्री डॉ. जयराज आचार्य, राष्ट्रीय प्रकल्प वाइस चेयरपर्सन महिला एवं बाल विकास राजश्री गाँधी, रीजनल मंत्री संतोष गोधा, संजीव भारद्वाज एवं डॉ. प्रदीप कुमावत के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। बैठक में प्रान्तीय प्रकल्प प्रभारियरों की उपस्थिति में शाखाओं के दायित्वधारियों ने सेवा व संस्कार प्रकल्प के अन्तर्गत किये गये कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किये। देवराज शर्मा ने कहा कि आप सभी ने कोरोना संक्रमण के इस कठिन दौर में हमारी संस्कृति परम्परा के अनुसार अपने प्रकल्पों के माध्यम से पीड़ित मानवता की यथा संभव मदद कर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के प्रबुद्ध एवं वरिष्ठजनों की सूची बनावें और उन्हें अपने अभियान से जोड़े ताकि उनके अनुभव का लाभ मिल सके। डॉ. सूरज प्रकाश जी के नाम पर सभी शाखाएँ एक-एक प्रोजेक्ट लेने का प्रयास करें। राष्ट्रीय मंत्री डॉ. जयराज आचार्य ने मंचासीन सभी अतिथियों सहित आगंतुकों का अभिनन्दन किया। राजश्री गाँधी ने अपने उद्बोधन में परिषद् के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण काल में समाज के अन्दर परिवार की भूमिका उभर कर सामने आई है। महिला बाल विकास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बालिका सप्ताह कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। नगर समन्वयक नाहर सिंह पडियार ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित दायित्वधारियों का आभार, स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

**जोधपुर मारवाड़, राजस्थान पश्चिम :** शाखा द्वारा संचालित फिजियोथैरेपी सेन्टर प्रताप नगर में गणतंत्र दिवस पर ब्रिगेडियर नरेन्द्र मल सिंघवी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रमों में शाखा अध्यक्ष नारायण रूप राय, सचिव सूर्य प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, रेखा अग्रवाल, गायत्री भारद्वाज व अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक सैनिअरी नैपकिन डिस्पेंसर मशीन बृज मोहन अग्रवाल व चन्द्रकला अग्रवाल के सौजन्य से विद्यालय को भेंट की गई तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झालामंड को शाखा द्वारा एक सैनिटरी नैपकिन इंसीनरेटर मशीन विद्यालय को भेंट की गई। विद्यालय प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह कुमावत ने शाखा को धन्यवाद किया। कार्यक्रम में महिला प्रोष्ठ प्रमुख सुधा गर्ग, बृजमोहन अग्रवाल, चन्द्रकला अग्रवाल व कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, सचिव सूर्य प्रकाश शर्मा ने भाग लिया।

**संगरिया, राजस्थान उत्तर :** शाखा द्वारा कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए लगाये जाने वाली वैक्सीन में सहयोग के लिए उपखण्ड अधिकारी को वालियंटर्स की सूची सौंपी गई। सचिव राजेन्द्र राजपूत ने बताया कि शहर के सभी 35 वार्डो से 5-5 कार्यकर्ताओं की सूची उपखण्डाधिकारी को सौंपी गई। इस अवसर पर संरक्षक

रामलाल बिस्सू, प्रान्तीय प्रकल्प प्रभारी डॉ. संजय जिन्दल, अध्यक्ष कपिल बंसल, सचिव राजेन्द्र राजपूत, कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंगला, योग प्रभारी कैलाश वर्मा, वरिष्ठ सदस्य स्वर्ण सिंह संगर आदि उपस्थित रहे।

**राजस्थान पूर्व :** भरतपुर शाखा के आतिथ्य में प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक ओम कॉम्पलेक्स में सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी.डी. शर्मा की अध्यक्षता में प्रान्तीय अध्यक्ष डॉ. शिव मंगल, महासचिव हर्षवर्धन, कोषाध्यक्ष सुनील गर्ग के अतिरिक्त राष्ट्रीय मंत्री संतोष गुप्ता, रीजनल सचिव सम्पर्क उमेश सिंहल, निरंजन शर्मा, दिनेश गर्ग, जीतेन्द्र शर्मा, जगदीश हेमनानी, किशन सिंह जादों, कृष्ण कुमार अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, विनय गर्ग, राजेश मित्तल आदि ने बैठक में भाग लिया। शाखा अध्यक्ष विनोद मंगल ने सभी को अभिनन्द एवं दुपट्टा उढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में सदस्यता वृद्धि, शाखा विस्तार एवं शाखा प्रवास पर विशेष मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सभी शाखाओं मे सदस्यों की गुणवत्ता बढ़ाने, सम्पर्क सूत्र को सुदृढ़ बनाने एवं आगामी तीन वर्षों में राजस्थान पूर्व प्रान्त में 15 नई शाखाएँ जोड़ने पर बल दिया। महासचिव द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

**सुभाष गंगापुर सिटी :** शाखा द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती के उपलक्ष्य में श्री श्यामा गौशाला, डोंगरी बालाजी, छावाकी बगीची, गंगापुर सिटी पर सदस्य परिवारों का स्नेह मिलन समारोह एवं पौष बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाखा सचिव महेश गुप्ता सर्वेयर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय पदाधिकारी संतोष गुप्ता, जगदीश हेमनानी, दीवान खण्डूजा, आदित्य भारद्वाज एवं शाखा दायित्वधारियों द्वारा किया गया।



**वैशाली गाजियाबाद शाखा द्वारा पार्क में बेंच लगवाई गई**

***वैशाली गाजियाबाद शाखा अधयक्ष संजय सिंघल ने बताया कि शाखा द्वारा क्षेत्र के पार्क में बुजुर्गो को बच्चों के बैठने के लिए बैंचो का सहयोग प्रदान किया गया जिससे पार्क में आने वाले बुजुर्गों का महिलाओं को बैठने का उपयुक्त स्थान मिल सके।***

**भरतपुर :** शाखा द्वारा भरतपुर स्थापना दिवस समारोह का आयोजन यातायात सर्किल पर किया गया। शाखा अध्यक्ष विनोद मंगल ने बताया कि इस समारोह के आयोजन में लोहागढ़ शाखा एवं स्थानीय अन्य सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ में भरतपुर के संस्थापक महाराजा सूरजमल स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई जिसमें शाखा की महिलाओं ने बड़ी संख्या में बंधेज की साड़ी एवं परिषद् का कैप लगाकर भाग लिया।

**जयपुर महानगर, राजस्थान उत्तर पूर्व :** शाखा द्वारा अंतर्महाविद्यालयी हिन्दी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन केशव विद्यापीठ, जामडोली में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रान्तीय संगठन मंत्री ओ.पी. गुप्ता ने की। इस अवसर पर शाखा सचिव विजय खूंटेटा, गिरिराज गुप्ता, सुभाष कासलीवाल, अंचल खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में पाँच महाविद्यालयों की टीमों के प्रतिभागियों ने विषय–'नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों को नौकरी के बेहतर विकल्प मिलेंगे' के पक्ष व विपक्ष में बहुत ही प्रभावी ढ़ंग से अपने विचार व्यक्त किए। प्रथम स्थान पर विद्यास्थली शिक्षक प्रशिक्षक महाविद्यालय की छात्राएँ ऋतु सिंह व वर्षा गुर्जर रहे। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

**सांदीपनि उज्जैन, मध्य भारत पश्चिम :** शाखा अध्यक्ष पराग काबरा के सशक्तिकरण एवं सृजनात्मक कार्य, क्रियाशील सचिव पूजा देवेन्द्र चित्तौड़ा, कर्मठता समर्पित खेमजी भाई चंदन एवं संस्था कार्यों के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं के उत्साह से मकर संक्रान्ति मनाये गये संक्रान्ति महोत्सव ने कोरोना की विषम परिस्थितियों में भी अद्भुत आनन्द की अनुभूति प्रदान की। ईश्वर जी के पेपर

गेम ने भूलते हुए हिन्दी मुहावरों को फिर याद दिला दिया। उनकी अंताक्षरी ने शमा बांधा तो विजय जोशी ने आलाप दिया। रूक्मणी गुप्ता, विधुतप्रभा पाठक एवं अन्य सहयोगियों द्वारा प्रायोजित गेम्स ने खेल खेल में हास्य पैदा किया। परिषद् परिवार सदस्यों ने एक दूसरे को भोजन कराकर यह सिद्ध कर दिया की हम सभी एक विशाल परिवार के सदस्य हैं। फ्यूचर विज़न कॉलेजों के संचालकगण पंकज चाँदोरकर एवं राजेश पंड्या द्वारा शहर के कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया गया। डॉ. जितेन्द्र भटनागर आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज द्वारा कोरोना सुरक्षा पर दी गई विशेष जानकारी सभी के लिए अहम थी। सेवा भारती कन्या छात्रावास में हेल्थ कार्ड, गुड़ एवं चना का वितरण किया गया। संयोजिका कृष्णा चित्तौड़ा, विद्युत प्रभाव पाठक के अनुसार कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ संरक्षक ईश्वर पटेल, ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा बालिकाओं से बौद्धिक स्तर के सुधार एवं जीवन स्तर के सुधार को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से अध्यक्ष पराग काबरा, सचिव पूजा देवेन्द्र चित्तौड़ा व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**विवेकानन्दन नीमच :** शाखा द्वारा पुलवामा शहीदों की याद में सरदार पटेल चौराहे पर मोमबत्ती प्रज्जवलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किय। इस अवसर पर सी.आर.पी.एफ के डी.आइ.जी. व अधिकारी सहित प्रान्तीय अध्यक्ष सुनील सिंहल, शाखा अध्यक्ष प्रदीप ओसवाल, सचिव राहेल ऐरन व अन्य दायित्वदारियों सहित महिला सदस्य भी उपस्थित रहीं।

**अंजार, सौराष्ट्र कच्छ :** शाखा ने कोरोना वैक्सीन के संचालन में प्रशासन को टीकों के वितरण में सहयोग देने के लिए स्वैच्छिक सदस्यों की सूची एवं पत्र प्रान्तीय अधिकारी डॉ. वी.के. जोशी को सौंपी गई। इसके लिए डॉ. जोशी ने शाखा अध्यक्ष प्रो. कल्पेशभाई सोरठिया, डॉ. परेशभाई देत्रोजा, मनोजभाई अबोटी, दिनेशभाई ठक्कर और दीपेन पंडया को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

**सोमनाथ :** शाखा द्वारा 'कंठ गुजरात नो – गुंजे गुजरात, वंदे भारत शीर्षक के तहत एक देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का ऑन लाइन आयोजन किया गया। 5 से 15 वर्ष, 16 से 35, 36 और उससे अधिक तथा किसी भी उम्र के लोगों का चार वर्ग में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में 178 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समय-समय पर विभिन्न राउंड में आयोजित की गई प्रतियोगिता 45 दिनों तक चली। अंतिम राउंड में 3 वर्ग के कुल 15 प्रतिभागियों ने अपने लाइव प्रस्तुति दी जिसमें जिया शैलेशभाई पिपलिया (जामनगर), नंदित एच देसाई (गोधरा), यशवी डेनिस बारडोलिया (सूरत), हर्ष दवे (राजकोट), जेनिष एस. गजेरा (पोरबन्दर), शिवांग त्रिपाठी (वेरावल) हेतल भार्गव जोशी (पाटन), प्रणव कुमार शुक्ल (जसमखंभालिया), अल्काबेन पुरोहित (धोराजी), संस्कृति समूह (वेरावल), धवल वर्ग (मीटापुर) व गिरीशभाई आर राजगुरु (उपलेटा) विजेता रहे। शाखा द्वारा पहली बार इस प्रकार का संजीव प्रसारण किया गया। जिसमें कश्यप शाह, रजनीश जैन, भरत भाई सोमैया द्वारा प्रतियोगिता का अंतिम रूप दिया गया। उद्घाटन मिताबेन बराड़ द्वारा किया गया। संचालन जस्मिताबेन डाभी और मीराबेन शाह ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक विपुलभाई त्रिवेदी, जूनागढ़ दुलारीबेन मांकड़, संजीव भाई धारिया, अमरेली और निगामभाई उपाध्याय रहे। कार्यक्रम में राजकुमार भगत, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री, दिनेश वोरा, राष्ट्रीय मंत्री और हिमतसिंह राठौड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय समूहगान उपस्थित रहे। प्रान्तीय महासचिव विनोदभाई लठिया ने शुभकामनाएँ प्रेषित किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत एवं महान विभूति स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के शुभ अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई।

**धनेरा, गुजरात उत्तर :** शाखा के आतिथ्य में मकर संक्रान्ति के अवसर पर परिषद् की बहनों द्वारा स्थानीय गौशाला के लिए 50 किलो गेहूँ का लड्डू बनाकर भेंट किया गया। इस आयोजन में सभी सदस्यों की सराहनीय सहभागिता रही। ■

**शाखा द्वारा कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए लगाये जाने वाली वैक्सीन में सहयोग के लिए उपखण्ड अधिकारी को वालियंटर्स की सूची सौंपी गई। सचिव राजेन्द्र राजपूत ने बताया कि शहर के सभी 35 वार्डों से 5-5 कार्यकर्ताओं की सूची उपखण्डाधिकारी को सौंपी गई।**

# विविध गतिविधियां

**स्वर्णिम काशी :** शाखा द्वारा अंगीकृत गाँव सुगानू प्राथमिक विद्यालय रामनगर वाराणसी में विद्याा की अधिष्ठानी देवी माँ सरस्वती के पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा परिवार, विद्यालय परिवार सहित अन्य गणमान्य जनों की सक्रिय सहभागिता रही।

**लखनऊ पूर्वी, अवध प्रदेश :** शाखा की महिला संयोजिका मंजू सिंह ने स्वनिर्मित एनीमिया पर एक लघु फिल्म दिखाई। इस फिलम को बनाने तथा दिखाने का मुख्य उद्देश्य एनीमिया नामक बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाना है, जिससे भीड़भाड़ तथा नुक्कड़ पर प्रदर्शित करके अधिक से अधिक लोगों को इस बीमारी के प्रति सजक किया जा सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री मुकेश जैन, प्रान्तीय महासचिव अमिता जैन सहित लगभग 20 सदस्य उपस्थित रहे।

Warangal, Telangana : Prasad ji, South India Secretary, P. Narendra Krishna ji, GS, install the new body at BVP, Warangal. On Bhogi Day Gobbimmalu with cow dung in different shapes were made at Brundavan Goshala, Mupparam Prof G. Damodar, President of branch addressed the kids after Republic Day Events of Patriotic Songs and Painting Competition. A Ramayanam Skit was performed by children of Om Sri Kids under the guidance of Manjula Matha ji. Rangoli was organized at Residence coverd 210 families.

**Gurdaspur Main, Punjab North :** The branch celebrated Shri Guru Gobind Singh Jayanti. In this Connection Langar of Biscuits was organised in Hanuman Chowk Gurdaspur to welcome the Shobha Yatra. Shiv Gautam State President, I.S. Bajwa State Convenor SGTBBD ,Sr. Vice President Ramesh Sharma , Project Director S.P. Singh. Prem Khosla State Convenor were present. Banners were displayed at prominent places to greet the people. 125th Birthday Celebratins of Neta Ji Subhash Chander Bose were held at BVP Office Hanuman Chowk Gurdaspur.

**Titilagarh, Odisha West :** Branch office bearers visited Saptarishi Gurukul Ashram located at Dhumavata village. The students there are mainly orphans. After discussion with management of the ashram, it was decided to donate uniforms to the inmates and teachers. Accordingly uniforms were stiched and distributed to 43 inmates and teachers.On this occasion yagna was performed and yogasan was displayed by the students. Members with spouse participated in this program. It was a self-satisfying and heart touching experience.

**Telangana :** The prant celebrated Swami Vivekanada's 158th Jayanthi. Prant has organised very interesting programme for school children in two groups: Juniors ( 6-11 years): Vivekanada Fancy Dress & Quotation Contest– Children dressed like Swamiji and spoke about a few of his famous quotations. Seniors (12-17years): Elocution Competition on "Vivekananda's contribution for youth empowerment in India". The programme was a grand success with nearly 200 students actively participating in the virtual event. Prize Distribution ceremony was held at BVP

Bhavan,Hyderabad wherein the Chief Guest Acharya K.Venkat Reddy (Retired Telugu Prof of Osmania University) has handed over the prizes to winners in each category. National Girl Child Day Celebrations Mahila & Balvikas Vibhag of prant and Sardar Patel Brnach have organised number of programmes on the occasion of National Girl Child Day. The celebrations were spread over 4 days based on the selected theme " Beti Hai to Srishthi Hai". On day 1, blankets, towels and toilet kits were distributed to 60 poor girls of Ayodhya Nagar Basti, Jeedimetla, Hyderabad. On day 2, haemoglobin tests were conducted for the poor girls. On Day 3, Iron Pans and iron rich jaggery and gram were distributed to them.An awareness programme on the importance of "Anaemia Mukt Bharat " launched by BVP Mahila Vibhag was conducted by Dr T.Neelaveni, Vice President of SN Mahila Branch. On last and Day 4, cultural show featuring skits and elocution on the subject of empowerment of girl child by a large no of girls from the basti was organised. Local corporators, Prant and Branch Mahila activists participated in these celebrations in a big way. Dr T.Neelaveni distributing Iron Pans to poor girls of Ayodhyanagar Basti." BVP Bal Vikas Street School" Sarojini Naidu mahila branch in collaboration with Sardar Patel and Abdul Kalam Branches of Telangana prant has taken a new initiative in imparting education to poor and illiterate street children free of cost. Named as " BVP Bal Vikas Street School", the objective is to teach the poor and illiterate students living in bastis of Qutbullapur area of Hyderabad. The school got formally inaugurated at GHMC muncipal grounds of Qutbullapur on 6th February,2021 . Prant Gen Secretary P.Narendra Krishna, Mahila branch President P.Subhadra, Secretary R Padmavathi and Sardar Patel Branch Secretary R Madhu Kumar were present on the occasion. Books and stationery kits sponsored by Prant Mahila Pramukh Padmaja Rani were distributed to the children. Classes will be conducted every week-end with the help of teachers and BVP members on voluntary basis. Once the children reach certain literacy levels, they will be encouraged to join a regular school in their areas. ■

**The prant celebrated Swami Vivekanada's 158th Jayanthi. Prant organised interesting programme for school children in two groups: Juniors ( 6-11 years): Vivekanada Fancy Dress & Quotation Contest– Children dressed like Swamiji and spoke about a few of his famous quotations. Seniors (12-17years): Elocution Competition on "Vivekananda's contribution for youth empowerment in India". The programme was a grand success with 200 students participants in the virtual event.**

## विकास रत्न



मनोरमा रानी शर्मा - रमेश चन्द्र शर्मा
उदयपुर ( राजस्थान ) से विकास रत्न बनें।



प्रिया रानी सिंगला - सुन्दर प्रसाद सिंगला
कैथल ( हरियाणा ) से विकास रत्न बनें।



राधादेवी - देवनाथ मेहरवार
गया ( बिहार ) से विकास रत्न बनें।

## नेत्रदान



बांदनवाड़ा ( राजस्थान मध्य ) टीकम वंद ललवानी पिता रामसिंह ललवानी का मरणोपरान्त परिवार की सहमति से नेत्रदान करवाया गया।



रुद्रपुर ( उत्तराखण्ड पूर्व ) राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील खेड़ा के प्रयास से उनके मित्र प्रेम ठुकराल का मरणोपरान्त परिवार की सहमति से सी.एल.गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से नेत्रदान करवाया गया।



केकड़ी ( राजस्थान मध्य ) हरि प्रसाद झंवर का मरणोपरान्त परिवार की सहमति से नेत्रदान करवाया गया।

RNI No. 19789/70 No. DL-(N)-112/2021-2023 Licensed to post without pre payment No. U (DN)-91/2021-22
Dates of Posting 27 & 28 of the month from Ashok Vihar H.O. Delhi



# विवेकानंद आरोग्य केन्द्र, गुरुग्राम

- भारत विकास महाराणा प्रताप न्यास द्वारा संचालित विवेकानंद आरोग्य केन्द्र में करोना टीकाकरण केन्द्र बनाने की सरकार द्वारा अनुमति प्रदान कर दी गई है ।
- आरोग्य केंद्र सेक्टर 12 गुरुग्राम में स्थित है।
- टीकाकरण सरकार द्वारा निर्धारित नियम के अनुसार ही किया जाएगा।
- जैसा की सरकार ने 60 वर्ष के ऊपर के नागरिकों को 45 वर्ष से 59 वर्ष के नागरिकों को डॉक्टर के संस्तुति पर ही टीका करण किया जाएगा।
- हर एक को दो डोज टीका के लगवाना आवश्यक हैं जो की पहली डोज के 28 दिन बाद लगाई जाएगी।
- हर डोज की कीमत सरकार द्वारा 250 रुपए तय की गई है।
- वैक्सीन लगने के बाद आधा घंटे observation में रहना पड़ेगा।
- पहले रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक हैं




सेक्टर 12, नियर माधव भवन, गुरुग्राम (हरियाणा) 122001